**भारत में संकेद्रित सौर विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए बीएचईएल ने एबेनगोआ से हाथ मिलाया**

**नइ दिल्ली, 07 फरवरी:** भारत में अत्याधुनिक संकेंद्रित सौर विद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए ऊर्जा सम्बन्धी/आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े इंजिनियरिंग और विनिर्माण प्रतिष्ठान भारत हवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने सौर तथा अन्य ऊर्जा परियोजनाओं के क्षेत्र में यूरोप की अग्रणी कंपनी एबेनगोआ (स्पेन) से हाथ मिलाया है ।

बीएचईएल की ओर से अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, श्री बी.पी. राव तथा एबेनगोआ की अ ोर से अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एबेनगोआ सोलर, श्री सैंटियागों सीज ने सेविल, स्पेन में इस आशय के एक समझौते पर हस्ताक्षर किये ।

भारत सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किये गये, जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन मिशन, जिसके तहत 2022 तक 20,000 मेगावाट के सौर विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने का लक्ष्य है, के सन्दर्भ में यह समझौता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है ।